कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक

दिनांक : 22.07.2021

विषय : 06/2021 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 06/2021 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 30.06.2021 को दोपहर 12.00 बजे गूगलमीट एप पर ऑन-लाइन माध्यम से किया गया । बैठक के सभी पदाधिकारियों ने अपने स्थान पर बैठकर इस आयोजन में भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री के. वेंकट राव, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती के. संगीता , भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहा.नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्रीमती बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्रीमती बी.के. राधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री एम.वी. सुब्रह्मण्यम | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री पी. बालकृष्ण राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री के. रामनारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री सीएच. सुधाकर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्रीमती जे. माधवी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री मंडा श्रीनिवास | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 18.03.2021 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 18.03.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 18.03.2021 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि 22 और 23 जून, 2021 को एक ऑन-लाइन कार्यशाला आभासी मंच (virtual platform) पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य कार्यालय, वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर और विशाखापट्टणम् स्थित उप-कार्यालयों से कुल 20 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2020-2021 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार आठ उप-कार्यालयों का राजभाषा ई-निरीक्षण किया गया और उप-कार्यालयों और स्थानीय अनुभागों की निरीक्षण रिपोर्ट नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के उपरांत संबंधित कार्यालयों, अनुभागों और मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है । अभी सभी उप-कार्यालयों से अनुपालन रिपोर्ट नहीं आई है । संबंधित कार्यालयों को अनुस्मारक भेजा गया है । इनके प्राप्त होने पर मुख्यालय कार्यालय को अनुपालन रिपोर्ट भेजी जाएंगी ।

   इस संबंध में नियंत्रक महोदय ने निदेश दिया था कि राजभाषा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को सूचित करते हुए ग्रूप अधिकारी (प्रशा) के हस्ताक्षर से व.ले.अ./ले.अ. को पत्र भेजा जाए । नियंत्रक महोदय के निदेशानुसार सभी व.ले.अ./ले.अ. को पत्र भेजे जा चुके हैं ।

3. **समाचार पत्रिका का प्रकाशन :** पिछली बैठक में नियंत्रक महोदय ने यह सुझाव दिया गया था कि एक समाचार पत्रिका (Newsletter) का प्रकाशन किया जाए । मई, जून और जुलाई, 2021 की घटनाओं की सूचना देते हुए 15 अगस्त को इस समाचार पत्रिका के प्रकाशन का प्रस्ताव है । समाचार पत्रिका के डिज़ाइन शीघ्र ही नियंत्रक महोदय को प्रस्तुत किए जाएंगे ।

4. **हिंदी कार्यशला का विडियो वेबसाइट पर अपलोड किया जाना :** पिछली बैठक में यह सुझाव दिया गया था कि ऑन-लाइन हिंदी ई-कार्यशाला का एक विडियो बनाकर र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए और मुख्यालय कार्यालय को उसकी प्रति भेजते हुए एक अर्ध-सरकारी पत्र लिखा जाना चाहिए । समिति को सूचित किया गया कि विडियो को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है और साथ ही मुख्यालय कार्यालय को भी नियंत्रक महोदय की ओर से एक अर्ध-सरकारी पत्र भेज दिया गया है ।

5. **हिंदी शिक्षण योजना की परीक्षाओं के लिए इस कार्यालय को परीक्षा केंद्र बनाना** - पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने हिंदी शिक्षण योजना से प्राप्त ई-मेल पर चर्चा करते हुए जनवरी से मई, 2021 के सत्र में आयोजित ऑन-लाइन कक्षाओं के लिए मुख्य कार्यालय के परिसर में अंतिम परीक्षा के आयोजन की अनुमति दी थी । इसकी सूचना देते हुए हिंदी शिक्षण योजना को पत्र भेज दिया गया था । परंतु कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के कारण मई, 2019 में घोषित परीक्षाओं का आयोजन स्थगित कर दिया गया है । समिति को सूचित किया गया कि इस विषय पर अगली सूचना हिंदी शिक्षण योजना से प्रतीक्षित है ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 12/2020 तथा 03/2021 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 12/2020 तथा 03/2021 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 12/2020 | 200 | 200 | शून्य |
| 03/2021 | 187 | 187 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेजी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 12/2020 | 8614 | 2131 | 80.16% |
| 03/2021 | 11241 | 2203 | 83.61% |

**<u>मद सं. 3</u> - <u>हिंदी शिक्षण योजना के अधीन ऑन-लाइन हिंदी प्रशिक्षण पर चर्चा</u>** - समिति को सूचित किया गया कि जनवरी से मई के हिंदी प्रशिक्षण के ऑन-लाइन सत्र में हिंदी प्रवीण, हिंदी प्राज्ञ और हिंदी पारंगत पाठ्यक्रमों में इस संगठन के कर्मचारियों को नामित किया गया था जिनकी अंतिम परीक्षा मई, 2021 में होने वाली थी परंतु कोरोना महामारी की दूसरी लहर के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया था । अब हिंदी शिक्षण योजना से जुलाई से नवंबर के सत्र के लिए नामांकन का अनुरोध प्राप्त हुआ है । सदस्य सचिव ने प्रस्ताव रखा कि पारंगत प्रशिक्षण सबके लिए अनिवार्य होने के कारण और इस समय ऑन-लाइन प्रशिक्षण की सुविधा होने के कारण तीस कर्मचारियों को नामित किया जा सकता है जिसमें प्रत्येक कार्यालय अर्थात् वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., वे.ले.का. (अ.श्रे) से.आ.कोर और मुख्य कार्यालय से 10-10 कर्मचारी नामित करने का प्रश्ताव है । नियंत्रक महोदय ने इसका अनुमोदन करते हुए इस संबंध में कार्यालय टिप्पणी प्रस्तुत करने का कहा ।

**<u>मद सं. 4</u> - कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में हिंदी दिवस और हिंदी प्रोत्साहन योजना के आयोजन पर चर्चा** - समिति को सूचित किया गया कि सामान्यत: हिंदी प्रोत्साहन योजना का परिपत्र प्रतिवर्ष जून के महीने तक जारी कर दिया जाता है ताकि विजेताओं के चयन के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो और हिंदी दिवस के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं । परंतु कोरोना महामारी के कारण पिछले वर्ष प्रतियोगिताओं का आयोजन ऑन-लाइन किया गया और पुरस्कार वितरण समारोह भी सामान्य रूप से नहीं किया जा सका । अत:, इस वर्ष की परिस्थितियों को देखते हुए इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं की गई है ।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि आने वाले दिनों में अच्छी परिस्थितियों की आशा की जा सकती है, इसलिए हिंदी प्रोत्साहन योजना का परिपत्र जारी किया जाए और हिंदी दिवस के लिए भी तैयारियाँ शुरु की जा सकती हैं ।

**<u>मद सं. 5</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि जून, 2021 की तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसके अधीन वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम की सूचना दी गई थी । समिति को सूचित किया गया कि उपरोक्त वार्षिक कार्यक्रम को राजभाषा विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट के माध्यम से सभी अधीनस्थ कार्यालयों को परिचालित कर दिया गया है ।

**<u>मद सं. 6</u> - <u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2020-2021 के वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को लगभग प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के मद के लक्ष्य की पूर्ति के लिए हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद द्वारा चलाई जा रही ऑन-लाइन कक्षाओं में संगठन के कर्मचारियों को हिंदी प्रवीण, हिंदी प्राज्ञ और हिंदी पारंगत पाठ्यक्रमों में नामित किया गया है । अंतिम परीक्षा को फिलहाल स्थगित किया गया है। भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

**मद सं. 7 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा :**

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवादक | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

अध्यक्ष महोदय ने पूछा कि रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई की गई ? सदस्य सचिव ने बताया कि ग्रूप अधिकारी (प्रशा) के हस्ताक्षर से रिक्त पदों को भरने की प्रार्थना के साथ मुख्यालय कार्यालय को पत्र भेजा गया है जिसके उत्तर में मुख्यालय कार्यालय ने लिखा है कि जब भी सिकंदराबाद के लिए उनके पास वॉलेंटियर (volunteer) होंगे, वे तैनात कर देंगे । नियंत्रक महोदय ने मुख्यालय कार्यालय को एक और पत्र भेजने का निदेश दिया ।

**मद सं. 8 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव :**

अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों से पूछा कि प्रस्तावित समाचार पत्रिका में किस प्रकार के लेख प्रकाशित करने का विचार है ।

(1) श्रीमती के. संगीता, उपाध्यक्ष महोदया ने कहा कि इस महामारी के समय कैसे सरकारी कार्यालयों को अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाना चाहिए, इस पर एक लेख लिखा जा सकता है ।

(2) श्री मंडा श्रीनिवास, सदस्य ने कहा कि इस महामारी के समय में प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे बढ़ा है, इस पर लेख लिखा जा सकता है ।

(3) श्रीमती देवकी सुब्रमणियम, सदस्य सचिव ने कहा कि हाल ही में संपन्न विश्व योग दिवस के संदर्भ में योग के महत्व पर एक लेख लिखा जा सकता है ।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जल्द से जल्द एक परिपत्र जारी करके लेखों और अन्य रचनाओं को एकत्रित करें और पत्रिका के मुद्रण की तैयारी की जाए ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

र.ले.नि. महोदय ने देख लिया है ।

वत्सला

(एस. वत्सला)
रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

एम. वी. सुब्रह्मण्यम

(एम.वी. सुब्रह्मण्यम)
वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)